**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 01.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **आज देश में नए साल से बैंकिंग, यूपीआई और जीएसटी समेत कई नियमों में बदलाव, रेलवे की नयी समय सारणी भी प्रभावी, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना का पहला चरण शुरू।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद खरसांवा गोलीकांड के अमर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि, राज्य के कई मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम में होंगे शामिल।**
3. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में हर्षोउल्लास और धार्मिक भावना के साथ नव वर्ष का स्वागत, पर्यटन और पिकनिक स्थलों पर उमड़ी सैलानियों की भीड़।**
4. **पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी से राज्य में कड़ाके की ठंड, रांची समेत कई जिलों में न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का।**

*********************

देश में नए साल से बैंकिंग, यूपीआई भुगतान और जीएसटी समेत कई नियमों में बदलाव हुए हैं। ट्रेनों की नयी समय सारणी भी आज से प्रभावी हो गयी है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि रेल परिचालन के समय में बदलाव के बारे में यात्रियों को विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया जा रहा है। शोधार्थियों और विद्यार्थियों के हित में आज से वन नेशन–वन सब्सक्रिप्शन योजना का पहला चरण भी शुरू हो गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वन नेशन–वन सब्सक्रिप्शन योजना के फायदे बताये हैं।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद खरसांवा गोलीकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर खरसावां शहीद बेदी और केसरे मुंडा चौक पर खास तैयारी की गयी है।

*********************

इससे पहले आज सुबह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां शहीद स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पवित्र शहीद स्थल आज भी शहीदों के वीर गाथाओं को बयां कर रहा है। श्री मुंडा ने कहा कि वर्षों पूर्व जिस उद्देश्य को लेकर लोगों ने अपनी कुर्बानी दी उसकी कीमत आज जनमानस को समझना होगा।

*********************

धनबाद रेल मंडल की पहली मैकेनाइज्ड लॉउंड्री ने काम करना शुरु कर दिया है। कोचिंग डिपो में आउटसोर्सिंग कंपनी की मदद से यह लॉउंड्री खोला गया है। लॉउंड्री के संचालक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि इस लॉउंड्री में हर रोज आठ हजार बेडरोल तैयार करने की क्षमता है।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत खूंटी गांव में बाघ द्वारा एक बैल को मार दिए जाने की सूचना पर प्रशासन सतर्क हो गया है। चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी ने

चांडिल सीओ और बीडीओ को पत्र लिख कर खूंटी गांव के आसपास के क्षेत्र में लोगों को सचेत करने का निर्देश जारी किया है।

********************

रांची में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेला में खूंटी के ग्रामीण उत्पादों को खूब सराहना मिल रही है। और ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता।

********************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद मुक्त करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और नक्सल अभियान तेज करने के निर्देश दिये हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सल प्रभावित जिलों में चल रहे नक्सल अभियान की समीक्षा करते हुए श्री गुप्ता ने उग्रवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और आपराधिक गुटों का संपूर्ण रूप से खात्मा करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ अन्य कार्रवाई करने संबंधी दिशा–निर्देश दिये।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पारंपरिक हर्षोल्लास और धार्मिक भावना के साथ नए वर्ष 2025 का स्वागत किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को नूतन वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नव वर्ष पर राज्य के तमाम धार्मिक स्थलों पर लोग सवेरे से ही भगवान के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटन और पिकनिक स्थलों पर भी सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है।

********************

नववर्ष के पहले दिन बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर रात से ही कतारबद्ध होने लगे थे। सुबह 4 बजे बाबा का मंदिर खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा बारी–बारी से जलार्पण शुरु किया गया। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि श्रद्धालुओं की कतार दो किलोमीटर लंबी हो गयी है। देवघर डीसी विशाल सागर ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

इधर, देवघर के एसडीओ लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आज करीब तीन लाख श्रद्धालु जलार्पण कर सकेंगे।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कड़ी इसी महीने आयोजित हो सकती है। कार्यक्रम के लिए माई गॉव पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है और यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा का तनाव कम करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस अवसर को उत्सव की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने परीक्षार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराकर इसमें भाग लेने की अपील की है।

********************

पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान रांची सहित राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। सर्द

हवाओं के कारण कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नही आयेगा लेकिन न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की और गिरावट आ सकती है जिससे ठंड और बढ़ेगी।

***************************

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया है। अंतिम दिन खेले गए फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में संथाल परगना ने केरल को टाई ब्रेकर में एक के मुकाबले चार गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। केरल की टीम उपविजेता रही और झारखंड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**********समाप्त***************